दिन– शुक्रवार दिनांक– 26 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध छेड़ने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में नार्को–कोऑर्डिनेशन सेंटर की दसवीं शीर्ष स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि मादक पदार्थों से सामाजिक स्थिरता, आर्थिक हितों और युवाओं तथा देश के भविष्य को खतरा है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार अट्ठाईस जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर सरकार संवेदनशील है। श्री तिवारी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार ने स्थानांतरण पोर्टल लांच किया है, जिससे शिक्षकों का स्थानांतरण सरल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त होगा।

————————————————————

मुहर्रम की आज दसवीं तारीख है। हजरत इमाम हुसैन और बहत्तर साथियों की शहादत की याद में योम–ए–आशूरा मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया जुलूस और मातमी जुलूस का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि हजरत इमाम हुसैन का बलिदान सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने

प्रदेशवासियों से पारंपरिक सद्भाव, शांति और भाईचारे के माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत हमें इंसानियत, त्याग और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

————————————————————————

इधर, मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी थानों को जुलूस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर निकलने वाले अलम और ताजिया जुलूस के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। पटना के फुलवारीशरीफ, पत्थर की मस्जिद, दानापुर और पटना सिटी समेत तीन सौ इक्यावन स्थानों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही जुलूस मार्ग और पहलाम स्थल के आस–पास अस्थायी पुलिस चौकी बनाया गया है।

————————————————————————

पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिली है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान शिवहर, मधुबनी और पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवहर में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, पश्चिम चंपारण के बगहा में पंचानवे मिलीमीटर, हरलाखी में अड़सठ मिलीमीटर और सोनवर्षा में उनचास मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने कहा है कि मानसून की उत्तरी सीमा अभी मोतिहारी से होकर गुजर रही है। अगले तीन से चार दिनों में बिहार के शेष भागों में मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां हैं। विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अनेक भागों के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है।

————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन सौ चालीस लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

सुपौल के जिलाधिकरी सावन कुमार और अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन ने वीरपुर अनुमंडल के चौदह और सुपौल अनुमंडल के पंद्रह नवनियुक्त पीडीएस डीलरों को लाईसेंस प्रदान किया।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।